बजट घोषणा 2024–25

10 जुलाई, 2024

65. युवा शक्ति के सर्वांगीण विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रदेश में प्रत्येक स्तर पर खेलों के प्रोत्साहन हेतु समुचित वातावरण तैयार करने के लिए Sports–Infrastructure, Science, Analysis, Counselling व Nutrition का समावेश करते हुए 'खेल नीति–2024' लाने की मैं, घोषणा करती हूँ। इस खेल नीति के अन्तर्गत–

I. **राजस्थान खेल आधुनिकीकरण मिशन** की स्थापना करते हुए खेल क्षेत्रा के लिए गत वर्ष प्रावधित 475 करोड़ (चार सौ पचहत्तर करोड़) रुपये की बजट राशि को चरणबद्ध रूप से दुगुना किया जाना प्रस्तावित है।

II. प्रदेश में Coaches एंव Sports Specialists तैयार करने के लिए Maharana Pratap Sports University स्थापित किये जाने की मैं, घोषणा करती हूँ। इस पर 250 करोड़ (दो सौ पचास करोड़) रुपये व्यय होंगे। इसके साथ ही, संभागीय स्तर पर Sports Colleges की भी स्थापना 50–50 करोड़ रुपये की राशि से की जानी प्रस्तावित है।

III. प्रदेश में 'One District-One Sport' Scheme लागू करते हुए प्रत्येक जिले में चरणबद्ध रूप से प्रचलित खेलों की अकादमी स्थापित करने की घोषणा करती हूँ।

IV. हमारे द्वारा प्रदेश का नाम Sports के क्षेत्रा में उन्नति के शिखर पर ले जाने के लिए 'Misson Olympic' प्रारम्भ करने की घोषणा की गई थी। इसके अन्तर्गत केन्द्र सरकार के 'Target Olympic Podium (TOP) योजना' के अनुरूप सुविधायें उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है।

V. प्रदेश के खिलाड़ियों को समुचित security coverage उपलब्ध कराने के दृष्टिगत Sports Life Insurance Scheme लागू किया जाना प्रस्तावित है। इसके अन्तर्गत अन्तरराष्ट्रीय पदक विजेताओं को श्रेणीवार 25 लाख रुपये तक का दुर्घटना व जीवन बीमा कवरेज दिया जायेगा।

VI. उत्कृष्ट खिलाड़ियों को अन्तरराष्ट्रीय स्तर की training एवं practice सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में State of the Art Ultra Fitness Centre स्थापित किया जायेगा। साथ ही, राज्य स्तर के खिलाड़ियों के लिए physical rehab हेतु जयपुर में 15 करोड़ रुपये व्यय कर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

VII. चयनित विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में आवश्यक sports infrastructure एवं equipments की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए PTI/Coaches की समुचित व्यवस्था की जायेगी।

VIII. ग्रामीण युवाओं को खेल प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने की दृष्टि से ग्राम पंचायत स्तर पर चरणबद्ध रूप से open gyms व खेल मैदान बनाये जायेंगे। प्रथम चरण में, 10 हजार से अधिक आबादी वाली ग्राम पंचायतों पर ये सुविधायें विकसित की जायेंगी।

IX. खिलाड़ियों के Sports Certificates के लिए Digital Repository बनायी जायेगी।

X. प्रस्तावित खेल नीति के अन्तर्गत Para Athletes के लिए पृथक से विशेष प्रावधान किये जायेंगे।

XI. साथ ही, प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर स्टेडियम, ट्रैक, खेल अकादमी आदि की स्थापना/उन्नयन का कार्य किया जायेगा। ये कार्य हैं—

क्र.सं.	कार्य का नाम/विवरण
1	**सिंथेटिक ट्रैक**—सांगानेर—जयपुर में सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण
2	**खेल स्टेडियम**—मसूदा—ब्यावर, बनेड़ा—शाहपुरा, गजसिंहपुर (करणपुर)—श्रीगंगानगर, डेगाना—नागौर, भादरा—हनुमानगढ़, चाकसू, बगरू, जयसिंहपुरा खोर—जयपुर में खेल स्टेडियम का निर्माण
3	**खेल अकादमी**—शाहपुरा में खेल अकादमी
4	**उन्नयन/आधुनिकीकरण कार्य**—जगतपुरा—जयपुर स्थित Shooting Range तथा विद्याधरनगर स्टेडियम—जयपुर का upgradation तथा श्रीराम स्टेडियम—बारां व सादुलशहर—श्रीगंगानगर खेल स्टेडियम को विकसित कर अत्याधुनिक किये जाने का कार्य

66. 'खेलो इण्डिया Youth Games' की तर्ज़ पर प्रदेश में पारम्परिक खेलों (Traditional and Indigenous Games) को शामिल करते हुए ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तर पर प्रतिवर्ष 'खेलो राजस्थान Youth Games' का आयोजन किये जाने की मैं, घोषणा करती हूँ। इस हेतु 50 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष व्यय किये जायेंगे।